**Regarding need for decongestion of roads**

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल):** माननीय सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर प्रखण्ड के अंतर्गत बाबा सिंहेश्वर धाम स्थान के बीच एनएच 106 है, जो वीरपुर से बिहपुर जाती है । इस सड़क पर हमेशा भारी यातायात एवं जाम की समस्या बनी रहती है, जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं ।

मैं आपके माध्यम से, माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि सिंहेश्वर स्थान एनएच 106 के साथ एक बाइपास सड़क का निर्माण किया जाए क्योंकि यह जनहित में अत्यन्त आवश्यक है । धन्यवाद ।